
PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, शनिवार ,20 जून, 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## पटना कोचिंग विवाद में खान सर को राहत, गिरफ्तारी पर रोक बरकरार



पटना। राजधानी के चर्चित कोचिंग विवाद मामले में शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर को अदालत से बड़ी राहत मिली है। पटना सिविल कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरिम संरक्षण को अगली सुनवाई तक बढ़ा दिया है। इसके साथ ही पुलिस को उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कठोर कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया है। सुनवाई के दौरान पुलिस की ओर से अदालत में अद्यतन केस डायरी पेश की गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। कोर्ट के फैसले के बाद फिलहाल खान सर की गिरफ्तारी पर रोक जारी रहेगी। मामले में नया मोड़ तब आया जब खान सर के सुरक्षाकर्मियों की जमानत याचिकाओं पर भी बहस हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के वकीलों के बीच तीखी कानूनी बहस देखने को मिली। अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलों को रिकॉर्ड पर लेते हुए आगे की सुनवाई के लिए मामला सुरक्षित रखा। विरोधी पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत में खान सर की अग्रिम जमानत का विरोध करते हुए गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि पूरे विवाद की निष्पक्ष जांच आवश्यक है और मामले से जुड़े सभी तथ्यों को सामने लाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि शिकायतों के बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। कोर्ट के ताजा आदेश के बाद फिलहाल खान सर को राहत मिली है, लेकिन मामले की कानूनी लड़ाई अभी जारी रहेगी। अगली सुनवाई में अदालत इस प्रकरण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार कर सकती है।

## अलीगढ़: विवाह से पहले आनुवंशिक जांच पर जोर




अलीगढ़। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा आयोजित संगोष्ठी में चिकित्सकों ने सिकल सेल रोग की रोकथाम के लिए विवाह से पहले आनुवंशिक जांच कराने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय रहते पहचान व उपचार पर चर्चा की गई। बाल रोग विशेषज्ञों ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक आनुवंशिक बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में पहुंच सकती है। यदि पति-पत्नी दोनों इस रोग के वाहक हों, तो बच्चों में बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। इसके लक्षणों में खून की कमी, पीलिया, सीने में दर्द और बार-बार रक्त चढ़ाने की जरूरत शामिल है। वक्ताओं ने कहा कि रोग के कारण रक्त कोशिकाएं विकृत होकर रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध कर देती हैं, जिससे शरीर के अंगों तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती और मरीज को गंभीर दर्द का सामना करना पड़ता है। विशेषज्ञों ने समय पर जांच और जागरूकता को इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताया। संगोष्ठी में आईएमए और बाल रोग विशेषज्ञ संघ के पदाधिकारियों सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

## अलीगढ़: पांच जुलाई तक ट्रेनों में सीटों के लिए मारामारी



अलीगढ़। सहालग और छुट्टियों के बाद यात्रियों की बढ़ती संख्या के चलते लंबी दूरी की ट्रेनों में भीड़ लगातार बढ़ रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार 20 जून से 5 जुलाई तक aबिहार, पूर्वांचल, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों की ओर जाने वाली ट्रेनों में भारी दबाव रहने की संभावना है। अधिकांश ट्रेनों में आरक्षित सीटें फुल हो चुकी हैं और वेटिंग सूची लगातार बढ़ रही है। अलीगढ़ जंक्शन से होकर गुजरने वाली महाबोधि एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, महानंदा एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस और फरक्का एक्सप्रेस में सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है। स्लीपर और थर्ड एसी श्रेणी में कई ट्रेनों की वेटिंग 50 से 150 तक पहुंच गई है। कन्फर्म टिकट नहीं मिलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग अंतिम समय में बस या निजी वाहनों से सफर करने को मजबूर हैं। रेलवे का कहना है कि अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है और कई नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए गए हैं, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## अलीगढ़: कार की टक्कर से ननिहाल आए तीन बच्चे घायल



अलीगढ़। रोरावर थाना क्षेत्र के नादा पुल के पास शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे में आगरा से ननिहाल घूमने आए तीन बच्चे घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बच्चे घर के बाहर पास की दुकान पर गोलगप्पे खाने जा रहे थे। तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत बच्चों की मदद के लिए दौड़ पड़े। जानकारी के अनुसार आगरा के मुजफ्फर खां नानकपाड़ा निवासी शंकरलाल की 14 वर्षीय पुत्री भार्गवी, जीतू की 12 वर्षीय पुत्री प्रियांशी और पुत्र पलेश कुमार स्कूल की गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए अलीगढ़ स्थित अपनी ननिहाल आए हुए थे। शुक्रवार शाम तीनों बच्चे घर से कुछ दूरी पर स्थित दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आई एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बच्चे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय मौके से भागने में ही भलाई समझी। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और बच्चों को सड़क से उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए सारसौल चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्चों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालांकि सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, फिर भी उन्हें निगरानी में रखा गया है।

हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी जुटाई तथा दुर्घटना के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि फरार कार चालक की पहचान की जा सके। सीओ बन्नादेवी धनंजय सिंह ने बताया कि घटना रोरावर थाना क्षेत्र की है। पुलिस टीम को आरोपी वाहन और चालक की तलाश में लगाया गया है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू आज रवाना होगा पहला जत्था



सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद बहुप्रतीक्षित कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 का शुभारंभ शनिवार से हो गया। सिक्किम के नाथू ला दर्रे से पहला जत्था पवित्र कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के दर्शन के लिए रवाना होगा। इस वर्ष कुल 500 श्रद्धालु यात्रा में शामिल होंगे, जिन्हें 50-50 यात्रियों के 10 जत्थों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक नाथू ला दर्रे से तिब्बत में प्रवेश करने के बाद यात्रियों का स्वागत चीनी सीमा शुल्क और इमिग्रेशन अधिकारी करेंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं को बसों के माध्यम से याडोंग काउंटी ले जाया जाएगा, जहां से आगे की यात्रा शुरू होगी। भारतीय और चीनी अधिकारियों ने यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए कई स्तरों पर समन्वय स्थापित किया है। आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं के लिए नई एडवाइजरी और मार्गदर्शन वीडियो भी जारी किए जाएंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, धैर्य और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक मानी जाती है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान है, जबकि मानसरोवर झील को दुनिया की सबसे पवित्र झीलों में गिना जाता है। बौद्ध, जैन और बॉन धर्म के अनुयायियों के लिए भी यह स्थल अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होने की इच्छा रखते हैं। यात्रा के पुनः आरंभ होने से देशभर के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। लंबे समय बाद खुला यह मार्ग न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारत-चीन संबंधों में संवाद और सहयोग की नई संभावनाओं का भी संकेत माना जा रहा है। श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि यह यात्रा उनके जीवन का एक यादगार और आध्यात्मिक अनुभव साबित होगी।

दल के साथ एक संपर्क अधिकारी और चिकित्सा सहायक तैनात किया गया है, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता मिल सके। भारत और चीन के संयुक्त समन्वय से आयोजित इस यात्रा के लिए व्यापक प्रशासनिक, सुरक्षा और चिकित्सा तैयारियां की गई हैं। यात्रा शुरू होने से पहले चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोराईस्वामी ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष संदेश जारी कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यात्रा मार्ग, आवास, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और करेंसी एक्सचेंज जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी भी साझा की। भारतीय दूतावास की टीम लगातार यात्रा से जुड़े विभिन्न पड़ावों पर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही है।

## कानपुर: प्रेम प्रसंग के शक में पति की हत्या मासूम बेटे के सामने उजड़ा परिवार



### प्यार, कत्ल और पछतावा

धोखे की बुनियाद और चाकू की नोक पर टूटा भरोसा



कानपुर के फीलखाना क्षेत्र में व्यापारी मनीष गुप्ता हत्याकांड ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। प्रेम विवाह से शुरू हुई एक रिश्ते की कहानी का अंत खून-खराबे और जेल की सलाखों तक पहुंच गया। आरोप है कि पत्नी निहारिका ने प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद में अपने पति पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस की जांच और कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि निहारिका पिछले दो वर्षों से एक युवक के संपर्क में थी और उससे घंटों फोन पर बातचीत करती थी। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। परिवार का दावा है कि घटना वाले दिन भी फोन पर बातचीत को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में निहारिका ने रसोई से चाकू उठाकर मनीष पर कई वार कर दिए। यह पूरी घटना उनके छह वर्षीय बेटे विष्णु के सामने हुई, जिसने बाद में पुलिस को भी घटना की जानकारी दी। गंभीर रूप से घायल मनीष खुद खून से लथपथ हालत में बेटे का हाथ पकड़कर फीलखाना थाने पहुंचा था। पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल भेजा, जहां कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद 16 जून को उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी पत्नी को जेल भेज दिया। मृतक के पिता रामकिशोर का आरोप है कि पुलिस अभी तक निहारिका का मोबाइल फोन कब्जे में नहीं ले सकी है, जबकि उसी फोन में कथित प्रेमी से हुई बातचीत और चैट के अहम साक्ष्य मौजूद हो सकते हैं। उनका कहना है कि मोबाइल बरामद न होने से जांच प्रभावित हो रही है और आरोपी युवक तक पहुंचने में देरी हो रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर जांच जारी है और जल्द ही मोबाइल भी कब्जे में ले लिया जाएगा। परिवार की सबसे बड़ी चिंता अब छह वर्षीय विष्णु का भविष्य है। मनीष अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। दादा-दादी का कहना है कि यदि बहू तलाक लेकर अलग हो जाती तो कम से कम बच्चे के सिर से मां-बाप दोनों का साया नहीं उठता। अब एक तरफ पिता की मौत हो चुकी है, वहीं मां जेल में है।

## दिल्ली में मानसून की एंट्री में देरी, जुलाई के पहले सप्ताह तक इंतजार



दिल्ली-एनसीआर में इस बार मानसून तय समय से देर से पहुंच सकता है। आमतौर पर 27 जून तक राजधानी में दस्तक देने वाला मानसून अब जुलाई के पहले सप्ताह तक आने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में अभी तक वह मजबूत कम दबाव का क्षेत्र नहीं बना है, जो मानसून को उत्तर भारत की ओर तेजी से बढ़ाता है।वैज्ञानिकों के अनुसार 25-26 जून के आसपास नया मौसम तंत्र विकसित हो सकता है, जिसके बाद मानसून की रफ्तार बढ़ेगी। वहीं अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं भी फिलहाल कमजोर पड़ गई हैं, जिससे आगे बढ़ने की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। देशभर में भी मानसून की चाल सुस्त बनी हुई है। 4 से 18 जून के बीच सामान्य से 41 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। मध्य भारत में सबसे अधिक 67 प्रतिशत बारिश की कमी रही है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ दिनों में परिस्थितियां अनुकूल होने पर बारिश की गतिविधियों में तेजी आ सकती है और दिल्ली समेत उत्तर भारत को गर्मी से राहत मिल सकती है।

## नई दिल्ली: 300 CCTV फुटेज से खुला बच्चों की तस्करी का बड़ा राज, आठ आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से डेढ़ वर्षीय मासूम के अपहरण के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बच्चों को अगवा कर बेचने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और कई राज्यों में छापेमारी के बाद पुलिस ने तीन महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपहृत बच्चे को भी सकुशल बरामद कर लिया है। मामले की शुरुआत 25 मई को हुई थी, जब एक महिला ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाने में अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। महिला स्टेशन परिसर में रहती थी और रात के समय मुख्य हॉल में ठहरती थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने स्टेशन और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। फुटेज में तीन संदिग्ध, जिनमें एक महिला भी शामिल थी, बच्चे को लेकर जाते दिखाई दिए। मद कर लिया।



जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी पहले ई-रिक्शा से स्टेशन से निकले और फिर विभिन्न वाहनों के जरिए गाजियाबाद पहुंचे। तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि बच्चा हरिद्वार ले जाया गया है। इसके बाद पुलिस टीम ने हरिद्वार में दबिश देकर बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि बदायूं की रहने वाली एक महिला बेटे की चाहत में बच्चे को खरीदना चाहती थी। उसकी पांच बेटियां हैं और कानूनी प्रक्रिया से गोद लेने में सफलता नहीं मिलने के कारण उसने अवैध रास्ता अपनाया। आरोपियों ने डेढ़ लाख रुपये में बच्चे का सौदा तय किया था। गिरोह के सदस्य मांग मिलने पर बच्चों का अपहरण कर उन्हें खरीदारों तक पहुंचाते थे। जांच में यह भी सामने आया कि यह नेटवर्क केवल एक बच्चे तक सीमित नहीं था। पुलिस को शक है कि पिछले डेढ़ वर्ष में 30 से अधिक बच्चों की तस्करी की जा चुकी है। पुलिस की जांच में कुछ अस्पतालों की भूमिका भी सामने आई है।

# UP: 'तूने मारा है, मेरा नाम मत लेना,

## अब नहीं बचोगे, सामने आई प्रेमी से बेटे का कत्ल कराने वाली मां की चैट

मेरठ के मासूम अंगदवीर के कत्ल के मामले में नया खुलासा हुआ है। बेटे की हत्या में मां ने प्रेमी का पूरा साथ दिया था। मां गुरप्रीत कत्ल से पहले और बाद में प्रेमी के संपर्क में थी। आरोपी मां की प्रेमी के साथ चौंकाने वाली व्हाट्सएप चैट सामने आई है। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार किया।

मेरठ के बहसूमा थाना इलाके के रामराज से छह साल के मासूम अंगदवीर की अपहरण कर हत्या की साजिश में शुक्रवार को उसकी मां गुरप्रीत कौर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गुरप्रीत वारदात के पहले और बाद में अपने प्रेमी मुख्य आरोपी अर्पित पाराशर के संपर्क में थी।अर्पित ने अंगदवीर की हत्या के दस मिनट बाद ही गुरप्रीत को व्हाट्सएप पर मैसेज कर कहा कि काम हो गया है। गुरप्रीत ने मैसेज किया किसी ने देखा तो नहीं। इसके बाद लिखा कि पुलिस के हाथ फुटेज लग गई हैं अब नहीं बचोगे... कॉल मत करना। इसके बाद दोनों आरोपियों ने अपनी व्हाट्सएप चैट डिलीट कर दी थी।




सीओ मवाना पंकज लवानिया ने बताया कि व्हाट्सएप चैट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर गुरप्रीत कौर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसने वारदात की साजिश में शामिल होने का जुर्म कबूल किया है। आरोपियों की डिलीट की गई चैट रिकवर की तो गुरप्रीत के साजिश में शामिल होने का पुख्ता साक्ष्य मिल गया।

### मां खुद बेटे को लेकर घर से निकली थी

जांच और पूछताछ में सामने आया है कि मंगलवार को गुरप्रीत ने अर्पित पाराशर को व्हाट्सएप कॉल कर अपने घर के पास बुलाया था। अर्पित के पहुंचने पर वह अपने बेटे अंगदवीर को लेकर घर से निकली थी।



# UP: सीतापुर में प्रेमकहानी का दर्दनाक अंत,

## एक दुपट्टे से प्रेमी-प्रेमिका ने लगाई फांसी; युवती की शादी तय थी

सीतापुर के एक गांव में युवक और युवती के शव पेड़ से लटके मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों शुक्रवार शाम से लापता थे। घटनास्थल पर श्रृंगार सामग्री और मांग में सिंदूर मिलने से कई चर्चाएं शुरू हो गईं। प्रारंभिक आशंका है कि पारिवारिक और वैवाहिक परिस्थितियों के कारण दोनों ने आत्मघाती कदम उठाया।सीतापुर के संदना में शुक्रवार शाम से लापता एक युवक व युवती का शव पेड़ से लटका मिला है। दोनों के शव एक ही दुपट्टे के दो फंदों के सहारे लटके मिले हैं। थाना क्षेत्र के रामपुर खेवटा गांव में शनिवार सुबह ग्रामीणों ने एक पेड़ से युवक व युवती के शव लटकते देखे। सुबह-सुबह हुई इस घटना की सूचना मिलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया।रामपुर खेवटा निवासी प्रियवंश (22) और रजनी(19) एक-दूसरे से प्रेम करते थे। शनिवार सुबह दोनों के शव गांव के बाहर खेत के पास एक पेड़ से एक ही दुपट्टे के सहारे लटकते मिले। घटनास्थल पर श्रृंगार का सामान, बिंदी और सिंदूर भी पड़ा मिला। वहीं युवती की मांग में सिंदूर भरा हुआ था, जिससे ग्रामीण तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि युवक आरख और युवती नाई जाति की है।



### तय थी युवती की शादी

ग्रामीणों के अनुसार युवती की शादी कहीं और तय हो चुकी थी। तउसका तिलक कार्यक्रम भी संपन्न हो चुका था। ऐसे में आपसी संबंधों को लेकर दोनों मानसिक तनाव में थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण दोनों ने यह कदम उठाया।

### पेड़ के फेरे लेकर शादी करने की आशंका

मौके पर पेड़ पर सिंदूर पड़ा है। नीचे बिंदी व श्रृंगार का अन्य सामान पड़ा है पेड़ के चारों तरफ पैर के निशान हैं। लगता है पेड़ के फेरे लेकर शादी रचाई है। दोनों अलग अलग जाति के हैं। मौके पर सीओ मिश्रिख बृजेश कुमार और नैमिष पुलिस मौके पर है। फोरेंसिक टीम कुछ देर में पहुंचेगी।

# UP: प्रदेश में बढ़ सकती हैं बिजली की दरें,

## नियामक आयोग में आपत्ति प्रस्ताव दाखिल; इस वजह से ऐसी आशंका




प्रदेश में बिजली दरों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। एक बिजली कंपनी के अधिशेष धनराशि में कमी किए जाने के फैसले पर उपभोक्ता पक्ष ने आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि इससे अन्य कंपनियां भी समान मांग कर सकती हैं, जिसका असर करोड़ों उपभोक्ताओं के बिजली बिल और रियायतों पर पड़ सकता है।नोएडा पॉवर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) का सरप्लस 1500.63 करोड़ को घटाकर 593.81 करोड़ करने का आदेश जारी होते ही राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने नियामक आयोग में आपत्ति प्रस्ताव दाखिल कर दिया है। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि सरकार नियामक आयोग के फैसले के खिलाफ तत्काल ट्रिब्यूनल में मुकदमा दाखिल करे। अन्यथा प्रदेशभर के उपभोक्ताओं की बिजली दरें महंगी हो सकती है।

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का विभिन्न डिस्कॉम पर करीब 51 हजार करोड़ सरप्लस है। यही वजह है कि पिछले कई वर्षों से बिजली दरों में स्थिरता बनी हुई है। एनपीसीएल के फैसले के आधार पर अन्य कंपनियां भी सरप्लस के पुनः परीक्षण की मांग करेंगी। ऐसे में प्रदेश के करीब साढ़े तीन करोड़ उपभोक्ताओं की बिजली दरें बढ़ सकती हैं। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने आयोग को बताया कि बिजली कंपनियां मुकदमे में खर्च होने वाली रकम उपभोक्ताओं से ही वसूलती हैं।विद्युत नियामक आयोग के शुक्रवार को दिए गए फैसले से नोएडा व ग्रेटर नोएडा के करीब ढाई लाख से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली दरें बढ़नी तय हैं। इसका असर भविष्य में पूरे प्रदेश के उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है। इससे नोएडा पॉवर कंपनी लिमिटेड के उपभोक्ताओं को 10 फीसदी की छूट भी खत्म होने की आशंका है। वर्ष 2018-19 से 2025 तक के टैरिफ आदेशों को लेकर अपीलीय न्यायाधिकरण में नोएडा पॉवर कंपनी ने चुनौती दी गई थी। इसमें नियायक आयोग के कुछ पैरामीटरों पर प्रश्न उठाए गए। न्यायाधिकरण द्वारा मामले को परीक्षण के लिए आयोग को वापस भेजा था। नियामक आयोग ने पुनः परीक्षण के दौरान वर्ष 2023-24 के लिए अनुमोदित लगभग 1500.63 करोड़ सरप्लस को घटाकर 593.81 करोड़ रुपये कर दिया गया है। अब तक इसी सरप्लस के आधार पर उपभोक्ताओं को 10 फीसदी छूट मिलती रही है। जानकारों का कहना है कि जब एनपीसीएल का सरप्लस कम किया गया है तो अन्य डिस्कॉम भी इसकी मांग करेंगे। इससे इसका असर सभी उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है।

# राम मंदिर दान में डाका: 'जैसे निर्देश, वैसा ही करते थे'

## इसलिए ट्रस्ट पदाधिकारियों के आगे नतमस्तक थे बैंक अफसर

राम मंदिर के चढ़ावे में हुए घोटाले की जांच जारी है। जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। बैंक अधिकारी ट्रस्ट पदाधिकारियों के आगे नतमस्तक रहते थे। बैंक कर्मियों की गणना प्रक्रिया में अहम भूमिका थी। घोटाले की जांच में मिले लापरवाही के साक्ष्य मिले हैं। गिनती प्रक्रिया की निर्धारित गाइडलाइन में से केवल 10 प्रतिशत का ही पालन किया गया था।राम मंदिर की दान राशि हेरफेर के मामले में बैंक कर्मियों की भूमिका भी बेहद गंभीर मानी जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने भी अपने एक साक्षात्कार में इसको लेकर सवाल उठाए थे। एसआईटी को बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही और संभावित मिलीभगत के कुछ साक्ष्य मिले हैं।हालांकि हकीकत यह भी है कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कर्मचारियों के सामने बैंक कर्मी नतमस्तक रहते थे। उन्हें वहां से जैसे निर्देश मिलते थे, वे वैसा ही करते थे, क्योंकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों की पहुंच और प्रभाव का सभी को अंदाजा था।दरअसल, गिनती प्रक्रिया में जितनी भूमिका ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की होती है, उतनी ही संबंधित बैंक के कर्मियों की भी रहती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गिनती के दौरान किसी को गड़बड़ी न हो। मगर ऐसा नहीं हुआ। बैंकतर जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी आंखें मूंदे रहे।



नृपेंद्र मिश्रा ने टीवी इंटरव्यू में बताया है कि कर्मचारी रुपयों की गड्डियां रखकर गए। इसके सुबूत मिले हैं। वहीं यह भी बताया कि कैमरों का बैकअप डेढ़ महीने का है। ऐसे में पुराने फुटेज जुटा पाना मुश्किल होगा। इसलिए स्पष्ट रूप से पता कर पाना कि चोरी कब से हो रही थी, इसका सटीक समय मिलना इतना आसान नहीं होगा। सूत्रों के मुताबिक, इस वजह से एसआईटी संदिग्ध कर्मचारियों और पदाधिकारियों के बयान दर्ज कर रही है। जो पांच संदिग्ध पहले पकड़े गए थे, उनसे भी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने लंबे समय से हेरफेर करने की बात स्वीकार की है।ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारी महिपाल सिंह ने आरोप लगाया था कि आठ महीने की फुटेज डिलीट की गई। ये फुटेज काफी पहले की हैं। ऐसे में उनका बैकअप उपलब्ध नहीं है। इसलिए यह आरोप साबित करना बेहद कठिन होगा कि फुटेज डिलीट की गई थीं। हां, यह जरूर है कि यदि बीते डेढ़ महीने में इस तरह का हेरफेर किया गया है तो वह सामने आ सकता है। उसके साक्ष्य भी मिल रहे हैं।




### बैंक अधिकारी रहे खामोश

सूत्रों ने बताया कि बैंक ने यह काम एक निजी कंपनी को सौंप रखा था। कंपनी आउटसोर्सिंग के जरिये कर्मचारियों की भर्ती कर उन्हें गणना प्रक्रिया में लगाती थी। चूंकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने ही अपने सगे-संबंधियों, परिचितों और उनके करीबियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती कराया था, इसलिए बैंक अधिकारी भी खामोश रहे। एक तरह से ट्रस्टी और उनके कर्मचारी जो चाहते थे, वही होता था।




### 45 दिन का ही सीसीटीवी बैकअप

राम मंदिर दान की राशि चोरी करने के मामले में एसआईटी को सुबूत जुटाना बेहद चुनौतीपूर्ण है। सबसे अहम सुबूत सीसीटीवी फुटेज हैं, लेकिन उसमें छेड़छाड़ के सुबूत पहले ही मिल चुके हैं। वहीं सबसे अहम बात यह है कि वहां लगे कैमरों का बैकअप 45 दिनों का ही है। ऐसे में कई वर्षों की फुटेज जुटाना संभव नहीं है। हालांकि एसआईटी मामले की फोरेंसिक जांच कराएगी, जिससे प्रयास होगा कि अधिक से अधिक दिनों की फुटेज रिकवर हो जाए। यही वजह है कि पूछताछ में आए तथ्य मामले में बेहद अहम होने वाले हैं।



# सनसनीखेज खुलासा: अगवा कर बच्चों को बेचते,

## दिल्ली से हरिद्वार और गाजियाबाद तक 300 CCTV फुटेज से सुलझा रहस्य

एक महिला ने अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के लापता होने की शिकायत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाने में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले। पुलिस ने करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाया। पुलिस ने तीन महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (एनडीआरएस) थाना पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन में बच्चों को अगवा कर बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में तीन महिलाओं सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की तत्परता से गिरोह के चंगुल से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से अगवा किए गए डेढ़ साल के एक मासूम को सकुशल बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी दिल्ली, हरिद्वार, गाजियाबाद और बदायूं सहित विभिन्न स्थानों से पकड़े गए हैं।रेलवे यूनिट के पुलिस उपायुक्त बी. भरत रेड्डी ने बताया कि गत 25 मई को एक महिला ने अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के लापता होने की शिकायत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाने में दर्ज कराई थी। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति से अलग रह रही है और अक्सर रात में स्टेशन के मुख्य हॉल में ठहरती थी। उसी दौरान किसी ने उसके बेटे का अपहरण कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएस थाने में तैनात इंस्पेक्टर याकूब खान और उनकी टीम ने जांच शुरू की। स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले पर तीन संदिग्ध, जिनमें एक महिला भी शामिल थी, बच्चे को ले जाते दिखाई दिए। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले ई-रिक्शा से स्टेशन से निकले और फिर अलग-अलग वाहनों के जरिए शास्त्री पार्क होते हुए गाजियाबाद के कासिम विहार पहुंचे।पुलिस ने करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाया। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि बच्चा हरिद्वार ले जाया गया है। इसके बाद पुलिस टीम हरिद्वार पहुंची और वहां जांच का दायरा बढ़ाया गया।




### बदायूं की महिला बेटे की चाहत में बच्चे को खरीदना चाहती थी

पूछताछ में खुलासा हुआ कि बदायूं निवासी आरती नामक महिला बेटे की चाहत में एक बच्चे को खरीदना चाहती थी। उसकी पांच बेटियां हैं और कई प्रयासों के बावजूद उसे कानूनी रूप से बच्चा गोद नहीं मिल पाया था। आरती की बहन पूजा ने उसकी मुलाकात हरिद्वार में रहने वाली प्रीति से कराई। इसके बाद डेढ़ लाख रुपये में बच्चे का सौदा तय हुआ। पुलिस के अनुसार, मांग मिलने पर प्रीति ने अपने सहयोगियों जिया, विशाल और शिवा को बच्चा चोरी करने का निर्देश दिया। आरोपियों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मासूम का अपहरण किया और उसे हरिद्वार पहुंचा दिया। वहां से बच्चे को खरीदार तक पहुंचाने की तैयारी चल रही थी। आरती और पूजा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि गिरोह के अन्य छह सदस्यों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह ने पहले कितने बच्चों की तस्करी की और इसके नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं।

### नवजात की तस्करी करने वालों से बच्चे खरीदने वाले जांच के घेरे में

नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त मामले में पुलिस अब उन परिवारों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है, जिन्होंने बच्चे खरीदे थे। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि पिछले डेढ़ वर्ष में 30 से अधिक नवजात बच्चों का सौदा हुआ।पुलिस खरीदार परिवारों के साथ पूरे नेटवर्क की कुंडली खंगाल रही है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब तक 24 ऐसे परिवारों की पहचान की जा चुकी है। जिन्होंने गिरोह से बच्चे खरीदे थे। ये परिवार दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में रहते हैं। इन तक पहुंचने के लिए पुलिस ने तीन अतिरिक्त जांच टीमें गठित की हैं। अधिकारियों का कहना है कि रैकेट में कई अन्य लोगों की भी भूमिका सामने आ रही है, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## NEET री-एग्जाम से पहले NTA की बड़ी चूक
## नागपुर के छात्र को मिला अबू धाबी सेंटर




नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा से ठीक पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। महाराष्ट्र के नागपुर के एक छात्र को नए एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र भारत की बजाय यूएई के अबू धाबी में आवंटित कर दिया गया। जबकि छात्र ने आवेदन के दौरान नागपुर, वर्धा और भंडारा को अपनी पसंद के केंद्र के रूप में चुना था। छात्र पहले नागपुर के सरस्वती विद्यालय में परीक्षा देने वाला था, लेकिन पुनर्परीक्षा के लिए जारी नए एडमिट कार्ड में उसका सेंटर अचानक अबू धाबी इंडियन स्कूल दिखाया गया। छात्र के परिवार ने इसे गंभीर प्रशासनिक गलती बताते हुए तुरंत एनटीए हेल्पलाइन से शिकायत की। छात्र के पिता मोहम्मद तालिब ने कहा कि उनके बेटे के पास पासपोर्ट तक नहीं है और परीक्षा से एक दिन पहले विदेश जाना संभव नहीं है। हेल्पलाइन अधिकारियों ने मामले को त्रुटि मानते हुए जांच के बाद संशोधित एडमिट कार्ड जारी करने का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. अनीस अहमद ने भी इस घटना पर सवाल उठाते हुए कहा कि एनटीए को तुरंत छात्र को नागपुर या नजदीकी शहर में केंद्र आवंटित करना चाहिए। उनका कहना है कि यह केवल एक छात्र की समस्या नहीं, बल्कि परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा मामला है। गौरतलब है कि NEET-UG 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। देश-विदेश के 565 शहरों में होने वाली इस परीक्षा में करीब 22.79 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और GPS ट्रैकिंग जैसी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

## झारखंड राज्यसभा चुनाव: 56 विधायक होने के बावजूद हारी कांग्रेस, क्रॉस वोटिंग से बढ़े RJD पर सवाल



झारखंड राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने इंडिया गठबंधन के भीतर दरार की चर्चाओं को तेज कर दिया है। गठबंधन के पास कुल 56 विधायक होने के बावजूद कांग्रेस अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने में असफल रही। चुनाव से पहले गठबंधन नेताओं ने कई बैठकें कीं, विधायकों को मतदान प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी गई और एकजुटता का संदेश भी दिया गया था, लेकिन परिणाम उम्मीदों के विपरीत रहे। हार के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर क्रॉस वोटिंग किसने की। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कुछ विधायकों ने गठबंधन की आधिकारिक लाइन से हटकर मतदान किया। इसी वजह से कांग्रेस की हार हुई और विपक्षी खेमे को फायदा मिला। हालांकि अभी तक किसी दल ने खुले तौर पर अपने विधायकों पर आरोप नहीं लगाया है। चर्चा का केंद्र आरजेडी भी है, क्योंकि तेजस्वी यादव की पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद कांग्रेस को अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाया। विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि गठबंधन के भीतर समन्वय की कमी और आपसी अविश्वास के कारण यह स्थिति पैदा हुई। वहीं आरजेडी और अन्य सहयोगी दल किसी भी तरह के "धोखे" के आरोपों को खारिज कर रहे हैं। अब कांग्रेस और उसके सहयोगी दल यह पता लगाने में जुटे हैं कि किन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की और क्या यह व्यक्तिगत फैसला था या किसी बड़ी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा। इस घटना ने झारखंड में इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं और आने वाले चुनावों से पहले सहयोगी दलों के रिश्तों की नई परीक्षा शुरू कर दी है।

## PM Modi on West Bengal Day
### भारत के इतिहास को आकार देने वाला राज्य', पश्चिम बंगाल दिवस पर प्रधानमंत्री का संदेश



पश्चिम बंगाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए बंगाल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को नमन किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना और विकास यात्रा का महत्वपूर्ण आधार रहा है। साहित्य, संगीत, कला, विज्ञान, आध्यात्मिकता, समाज सुधार, व्यापार और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बंगाल के योगदान ने देश को नई दिशा दी है और भारत की पहचान को मजबूत बनाया है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में 20 जून की ऐतिहासिक महत्ता का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह तारीख पश्चिम बंगाल के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन यह सुनिश्चित हुआ था कि पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग बना रहेगा। पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2026 में देश डॉ. मुखर्जी की 125वीं जयंती मना रहा है और इस अवसर पर उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान को विशेष रूप से स्मरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक समृद्धि और बौद्धिक परंपरा ने सदियों से देश को प्रेरित किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे तथा जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए समन्वय के साथ कार्य करेंगे। अपने संदेश के अंत में उन्होंने राज्य की निरंतर प्रगति, समृद्धि और नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी आज पश्चिम बंगाल के दौरे पर भी पहुंच रहे हैं। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद यह उनका पहला दौरा माना जा रहा है। अपने कार्यक्रम के दौरान वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। शाम को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री कोलकाता राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के बीच 'योग संगम' अभियान ने भी नया रिकॉर्ड बनाया है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, देशभर में छह लाख से अधिक संगठनों ने योग संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराया है

## कोलकाता एयरपोर्ट पर भाजपा-TMC कार्यकर्ताओं में झड़प
## अभिषेक बनर्जी के आगमन से पहले मचा हंगामा

पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर तनाव देखने को मिला, जब कोलकाता एयरपोर्ट पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हो गई। यह घटना उस समय हुई जब टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद Abhishek Banerjee दिल्ली से कोलकाता पहुंचने वाले थे। एयरपोर्ट परिसर में दोनों दलों के समर्थकों के आमने-सामने आने के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि धक्का-मुक्की, लात-घूंसे और हाथापाई शुरू हो गई। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। टीएमसी समर्थकों का आरोप है कि कुछ भाजपा कार्यकर्ता अभिषेक बनर्जी के आगमन पर विरोध प्रदर्शन करने और उन पर अंडे फेंकने की योजना बनाकर एयरपोर्ट पहुंचे थे।



जब टीएमसी कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया और उन्हें ऐसा करने से रोकने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते बहस हिंसक झड़प में बदल गई।घटना के दौरान एयरपोर्ट पर मौजूद यात्रियों और आम लोगों में अफरातफरी मच गई। सुरक्षा कारणों से एयरपोर्ट प्रशासन और पुलिस को तुरंत हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को अलग किया और अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर हालात को नियंत्रित किया। टीएमसी समर्थकों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों के पास हथियार भी थे। उनका कहना है कि एयरपोर्ट जैसी हाई-सिक्योरिटी जगह पर हथियार लेकर पहुंचना गंभीर सुरक्षा चूक है और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं भाजपा की ओर से इन आरोपों को अलग नजरिए से देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री Sukanta Majumdar ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी पक्षों को शांति बनाए रखनी चाहिए और कानून को अपना काम करने देना चाहिए। उन्होंने लोगों से संयम बरतने और किसी भी तरह की हिंसा से दूर रहने की अपील की। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। वायरल वीडियो, सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि झड़प की शुरुआत कैसे हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार था। यह घटना एक बार फिर पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी के बीच बढ़ते राजनीतिक टकराव और तनाव को उजागर करती है।

## Iran-America Deal: क्या ईरान और अमेरिका के बीच हुआ समझौता टिक पाएगा?



अमेरिका और Iran के बीच हुए 14-सूत्रीय समझौते को हाल के वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटनाओं में से एक माना जा रहा है। इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच जारी सैन्य तनाव और युद्ध की आशंकाओं में कमी जरूर आई है, लेकिन इसके बावजूद यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह समझौता वास्तव में लंबे समय तक टिक पाएगा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकारों का मानना है कि किसी भी समझौते की असली परीक्षा उसके बाद होने वाले क्रियान्वयन और संवाद में होती है, और इसी मोर्चे पर अभी कई चुनौतियां दिखाई दे रही हैं। समझौते के बाद प्रस्तावित पहली वार्ता का टल जाना भी इस बात का संकेत माना जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच अविश्वास पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। दरअसल, अमेरिका और ईरान के संबंध पिछले कई दशकों से तनाव, प्रतिबंधों और राजनीतिक टकराव से प्रभावित रहे हैं। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने लगातार चिंता जताई है, जबकि ईरान का कहना रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। क्षेत्रीय परिस्थितियां भी इस समझौते के लिए बड़ी चुनौती हैं। इसके अलावा पश्चिम एशिया में प्रभाव बढ़ाने की प्रतिस्पर्धा, विभिन्न क्षेत्रीय संघर्षों में दोनों देशों की अलग-अलग भूमिकाएं और आर्थिक प्रतिबंधों का मुद्दा भी दोनों के बीच विवाद का बड़ा कारण रहा है। ऐसे में एक समझौते से सभी समस्याओं का तुरंत समाधान होना संभव नहीं माना जा रहा। विशेषज्ञों के अनुसार इस समझौते की सफलता कई बातों पर निर्भर करेगी। सबसे महत्वपूर्ण है कि दोनों देश समझौते की शर्तों का कितनी ईमानदारी से पालन करते हैं। यदि किसी भी पक्ष को यह महसूस होता है कि दूसरा पक्ष अपने वादों से पीछे हट रहा है, तो तनाव फिर बढ़ सकता है। इसके अलावा दोनों देशों की घरेलू राजनीति भी इस समझौते को प्रभावित कर सकती है। अमेरिका में सरकार या नीतियों में बदलाव और ईरान के भीतर कट्टरपंथी तथा उदारवादी धड़ों के बीच मतभेद समझौते के भविष्य पर असर डाल सकते हैं।



पश्चिम एशिया पहले से ही कई संघर्षों और राजनीतिक अस्थिरताओं से जूझ रहा है। यदि किसी सहयोगी देश, सशस्त्र समूह या क्षेत्रीय विवाद के कारण नया तनाव पैदा होता है तो अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति कमजोर पड़ सकती है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस समझौते को सकारात्मक कदम तो मान रहा है, लेकिन इसे अंतिम समाधान नहीं मान रहा। फिलहाल यह समझौता दोनों देशों के बीच संवाद के लिए एक नया अवसर लेकर आया है और इससे युद्ध की तत्काल आशंकाएं कम हुई हैं। हालांकि स्थायी शांति की राह अभी लंबी और कठिन दिखाई देती है।

## होर्मुज पर ईरान का नया फरमान: अब बिना परमिट नहीं गुजरेंगे जहाज




### 48 घंटे पहले करना होगा आवेदन

अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14 सूत्रीय समझौते के बाद ईरान ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नई अनुमति व्यवस्था लागू कर दी है। अब कोई भी जहाज सीधे इस मार्ग से नहीं गुजर सकेगा। जहाजों को पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा और मंजूरी मिलने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। ईरान का कहना है कि यह कदम समुद्री सुरक्षा बढ़ाने, यातायात को नियंत्रित करने और क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। नई व्यवस्था के तहत जहाजों को होर्मुज क्षेत्र में पहुंचने से कम से कम 48 घंटे पहले आवेदन करना होगा। आवेदन में जहाज का नाम, झंडा, आईएमओ नंबर, कार्गो का प्रकार और मात्रा, मालिक और ऑपरेटर की जानकारी, चालक दल का विवरण, बीमा दस्तावेज और पूरा यात्रा कार्यक्रम देना अनिवार्य होगा। यदि कोई जानकारी अधूरी पाई जाती है तो आवेदन खारिज भी किया जा सकता है। ईरान ने इस प्रक्रिया को संचालित करने के लिए पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (PGSA) नामक नई एजेंसी बनाई है। यही एजेंसी सभी दस्तावेजों की जांच कर परमिट जारी करेगी। मंजूरी मिलने पर जहाज को एक विशेष परमिट दिया जाएगा, जो केवल एक बार की यात्रा के लिए मान्य होगा और अधिकतम पांच दिन तक वैध रहेगा। तय समय में यात्रा पूरी न होने पर दोबारा आवेदन करना पड़ेगा। समझौते के तहत शुरुआती 60 दिनों तक जहाजों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। सुरक्षा, नौवहन सहायता और बीमा जैसी सेवाओं का खर्च फिलहाल ईरानी सरकार उठाएगी। हालांकि ईरान ने संकेत दिया है कि भविष्य में इन सेवाओं के लिए शुल्क लगाया जा सकता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों की लागत बढ़ सकती है। नई व्यवस्था के अनुसार जहाज अपनी मर्जी से रास्ता भी नहीं बदल सकेंगे। उन्हें लारक द्वीप के पास तय समुद्री मार्ग का ही उपयोग करना होगा। निर्धारित रूट से हटने पर किसी भी नुकसान या कानूनी कार्रवाई की जिम्मेदारी जहाज मालिक और कप्तान की होगी। इसके अलावा सभी जहाजों के लिए मान्यता प्राप्त बीमा होना भी अनिवार्य किया गया है। यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल और बड़ी मात्रा में एलएनजी की आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है। भारत, चीन, जापान और यूरोपीय देशों की ऊर्जा जरूरतें भी काफी हद तक इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में ईरान की नई परमिट व्यवस्था वैश्विक व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री परिवहन पर दूरगामी असर डाल सकती है। फिलहाल दुनिया की नजर इस बात पर है कि यह नई व्यवस्था कितनी प्रभावी साबित होती है और भविष्य में इसके आर्थिक परिणाम क्या होंगे।

## दिल्ली में मानसून की चाल सुस्त, तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

देशभर में मौसम का मिजाज अलग-अलग रंग दिखा रहा है। एक तरफ राजधानी दिल्ली में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है, वहीं दूसरी ओर तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश और तेज हवाओं को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में सामान्यतः 27 जून के आसपास पहुंचने वाला मानसून इस बार जुलाई के पहले सप्ताह तक दस्तक दे सकता है। इसके पीछे प्रमुख कारण बंगाल की खाड़ी में आवश्यक कम दबाव प्रणाली का अब तक सक्रिय न होना बताया जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, सामान्य तौर पर जून के मध्य में बंगाल की खाड़ी में बनने वाला कम दबाव का क्षेत्र नमी से भरी हवाओं को उत्तर-पश्चिम भारत की ओर खींचता है और मानसून को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। यह प्रणाली ओडिशा, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से होते हुए दिल्ली तक पहुंचती है। हालांकि इस वर्ष ऐसी अनुकूल प्रणाली समय पर विकसित नहीं हुई, जिससे मानसून की प्रगति धीमी हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 25-26 जून के आसपास नया सिस्टम बनने के बाद मानसून दोबारा




गति पकड़ सकता है। उधर दक्षिण भारत में मौसम सक्रिय हो गया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (RMC) ने तमिलनाडु के नीलगिरी, इरोड, सलेम, धर्मपुरी और कृष्णागिरि जिलों में भारी बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्व विदर्भ से तमिलनाडु तक फैली एक वायुमंडलीय द्रोणी (ट्रफ) तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से होकर गुजर रही है, जिसके प्रभाव से राज्य में वर्षा गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी घाट क्षेत्र, कावेरी डेल्टा और उत्तर तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भी मध्यम बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। नीलगिरी, कोयंबटूर, डिंडीगुल, थेनी, कन्याकुमारी और तिरुनेलवेली के पहाड़ी क्षेत्रों में भी भारी वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया गया है। प्रशासन ने जलभराव और भूस्खलन की आशंका वाले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। राजधानी चेन्नई में दिनभर बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। हालांकि किसी बड़े मौसमीय व्यवधान की आशंका नहीं है, लेकिन रुक-रुक कर होने वाली बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले एक सप्ताह तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रह सकता है, जबकि तापमान सामान्य के आसपास बना रहेगा।

# आए थे बताने, कोई मिला ही नहीं



अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं। साथ ही नियमित रूप से ब्लॉग भी लिखते हैं। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वे लगातार कुछ न कुछ लिखते रहते हैं। हालांकि, उनके ज्यादातर ट्वीट नेटिजंस को कंफ्यूज करते हैं। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। बिग बी अपने हालिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गए हैं।अमिताभ बच्चन ने एक्स पर बीते दिन शुक्रवार को एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें लिखा था, 'सुनो बताते हैं'। इसके बाद आज रविवार को एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'अरे यार क्या बताएं? आए थे बताने, कोई मिला ही नहीं'। अमिताभ बच्चन के इस क्रिप्टिक से पोस्ट पर नेटिजंस हैरान रह गए हैं। कुछ यूजर्स को चिंता सता रही है कि आखिर ऐसी कौन सी बात है, जो बिग बी शेयर करना चाहते हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने सवालों की झड़ी लगा दी है। वहीं, कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'बच्चन साहब कौन सा गम सता रहा है आपको हमारी तरह'।अमिताभ बच्चन के पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा- 'सर, आपको सुनने वाले करोड़ों की संख्या में हैं। आप बताइए तो सही'। वहीं, एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में लिखा है, 'बताना क्या है? महानायक ट्वीट करके सिर्फ मौज लेते हैं'। एक यूजर ने लिखा है, 'पेट्रोल डीजल का दाम बताने आए थे क्या'? वहीं एक यूजर ने लिखा है, 'आप सिर्फ अपनी फिल्म का बताइए, बाकी सब छोड़िए'। अमिताभ बच्चन इन दिनों निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल की शूटिंग में व्यस्त हैं

# जल्द एंजेलिना जोली के साथ काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा



इन दिनों 'वाराणसी' की शूटिंग में जुटीं प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने अन्य आगामी प्रोजेक्ट पर बात की। देसी गर्ल ने बताया कि वे ऑरलैंडो ब्लूम के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकती हैं। इसके अलावा एंजेलिना जोली के साथ भी काम करने की तैयारी है।बॉलीवुड से निकल हॉलीवुड तक नाम कमा चुकीं प्रियंका चोपड़ा ग्लोबल स्टार हैं। इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह भारी-भरकम बजट में बनी फिल्म है, जिससे प्रियंका चोपड़ा को बहुत उम्मीदे हैं। एसएस राजामौली की इस फिल्म में प्रियंका के अलावा महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में प्रियंका ने इस फिल्म पर बात की। साथ ही बताया कि वे जल्द ही एंजेलिना जोली के साथ काम करेंगी।अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने फ्यूचर प्लान पर 'फॉर्च्यून इंडिया' से बात करते हुए बताया कि वे एंजेलिना जोली के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह प्रोजेक्ट कोई फिल्म होगी, विज्ञापन होगा या कोई चैरिटी से जुड़ा काम। प्रियंका ने हॉलीवुड की उन महिलाओं में एंजेलिना जोली का भी जिक्र किया, जिनसे उन्हें प्रेरणा मिलती है। प्रियंका चोपड़ा फिलहाल एस.एस. राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' के आखिरी कुछ शेड्यूल की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को अपने करियर का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बताया है। उन्होंने कहा, 'हम जो करने की कोशिश कर रहे हैं, वह बहुत बड़ा और महत्वाकांक्षी है। ऐसा काम बहुत समय से देखने को नहीं मिला है। मैं न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए इसे लेकर बहुत उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रही हूं, क्योंकि यह एक बहुत बड़ी ग्लोबल रिलीज होगी और लोगों को पता चलेगा कि हम पिछले तीन वर्षों से किस चीज पर काम कर रहे हैं'। प्रियंका चोपड़ा ने अपने करियर में हुई तरक्की के बारे में बात की। हैदराबाद में शूटिंग के दौरान अपनी जिंदगी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'फिल्म 'वाराणसी' के सेट पर शूटिंग का माहौल बहुत मजेदार है। सभी एक्टर्स के परिवार साथ में हैं। कर रहे हैं। हंस-बोल रहे हैं। साथ ही काम पर पूरा ध्यान है।

# जॉनी लीवर ने देखा स्टैंडअप शो 'पापा यार

## कॉमेडियन जाकिर खान को लगाया गले, देखें तस्वीरें



जॉनी लीवर कॉमेडी की दुनिया के दिग्गज कलाकार हैं। हाल ही में वह स्टैंडअप कॉमेडियन जाकिर खान के शो 'पापा यार' को देखने के लिए पहुंचे। जाकिर खान ने जॉनी लीवर के साथ कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं, साथ ही एक प्यार भरा संदेश भी उनके लिए लिखा है। जाकिर खान का स्टैंडअप शो 'पापा यार' देखकर जॉनी लीवर काफी खुश हुए। वह बाद में स्टेज पर आए और जाकिर खान की खूब तारीफ की। यह देखकर जाकिर खान खुशी से फूले नहीं समाए। जाकिर खान को जॉनी लीवर ने प्यार से गले लगाया। स्टेज पर यह नजारा देखकर फैंस ने भी खूब तालियां बजाईं जाकिर खान ने इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करने के साथ ही एक कैप्शन भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा। इसमें वह लिखते हैं जॉनी लीवर सर 'पापा यार' स्टैंड-अप शो देखने आए थे। हम सब उनके बताए रास्ते पर चल रहे हैं। सचमुच वह एक लीजेंड।' जॉनी लीवर के करियर फ्रंट की बात करें तो जल्द ही वह अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे जाकिर खान का स्टैंडअप शो 'पापा यार' देखकर जॉनी लीवर काफी खुश हुए। वह बाद में स्टेज पर आए और जाकिर खान की खूब तारीफ की। यह देखकर जाकिर खान खुशी से फूले नहीं समाए। जाकिर खान को जॉनी लीवर ने प्यार से गले लगाया। स्टेज पर यह नजारा देखकर फैंस ने भी खूब तालियां बजाईं जाकिर खान ने जॉनी लीवर से हुई इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करने के साथ ही एक कैप्शन भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा। इसमें वह लिखते हैं, 'जॉनी लीवर सर 'पापा यार' स्टैंड-अप शो देखने आए थे। हम सब उनके बताए रास्ते पर चल रहे हैं। सचमुच वह एक लीजेंड।' जॉनी लीवर के करियर फ्रंट की बात करें तो जल्द ही वह अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे।

# है जवानी तो इश्क होना है' की कमाई में गिरावट




पेद्दी' को रिलीज हुए 16 दिन हो चुके हैं। तो वहीं, 'है जवानी तो इश्क होना है' को रिलीज हुए 15 दिन हो चुके हैं। जानिए दोनों फिल्मों ने आज कितना कलेक्शन किया है।इन दिनों थिएटर्स में कई फिल्में लगी हुई हैं। इस बीच 'पेद्दी' और 'है जवानी तो इश्क होना है' भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। जानिए इन दोनों फिल्मों ने आज रविवार के दिन कितनी कमाई की है। राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई कर रही है। फिल्म ने आज शुक्रवार को 1.66 करोड़ की कमाई की है। इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 229.66 करोड़ का हो गया है। वीकएंड पर इसकी कमाई में बढ़ोतरी हो सकती है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेग्डे की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की बॉक्स ऑफिस कमाई में भारी गिरावट हुई है। आज शुक्रवार को फिल्म ने 26 लाख का कलेक्शन किया है। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 49.66 करोड़ का हो गया है। वीकएंड पर इसकी कमाई भी बढ़ सकती है। इन दोनों फिल्मों के अलावा और भी कई फिल्में हैं, जो थिएटर्स में लगी हुई है। भारत भाग्य विधाता', मनोज बाजपेयी की 'गवर्नर', दिलजीत दोसांझ की 'मैं वापस आऊंगा' और 'हॉन्टेड 3डी-इकोज ऑफ द पास्ट' जैसी फिल्में शामिल हैं।

# शिल्पा शिंदे ने टीवी सीरियल निर्माताओं को कहा माफिया



शिल्पा शिंदे ने एक बार फिर टीवी इंडस्ट्री में आर्टिस्ट्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने टेलीविजन इंडस्ट्री के प्रोड्यूसर्स की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ प्रोड्यूसर्स व्हाइट कॉलर माफिया की तरह काम करते हैं। इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए शिल्पा शिंदे ने निर्माताओं को खूब भला-बुरा कहा है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में शिल्पा शिंदे ने कहा, 'जैसा कि आपने देखा आर्टिस्ट एसोसिएशन खुद आर्टिस्ट्स के साथ खड़ी नहीं होती है। टीवी इंडस्ट्री में ये प्रोड्यूसर्स माफिया की तरह काम करते हैं। वे व्हाइट-कॉलर माफिया हैं। मैं हमेशा से यह कहती रही हूं। जो प्रोड्यूसर्स उन्हें सपोर्ट नहीं करते हैं, उन्हें धमकी भी दी जाती है। कहा जाता है कि अगर कल तुम्हें कुछ हो गया, तो हम तुम्हें सपोर्ट नहीं करेंगे।' सपोर्ट की तो बात ही छोड़िए। वे कहते हैं कि हम तुम्हारा काम रोक देंगे। हम तुम्हारा अभी का शो नहीं चलने देंगे; तुम्हें हमारा साथ देना होगा।'वह वीडियो में आगे कहती हैं, उन्होंने मेरा साथ भी नहीं दिया। आज भी जब उनके पास मेरे साथ खड़े होने का मौका था, तब भी वे नहीं आए। मुझे बोलने की कोई जरूरत नहीं थी। किसी को पता भी नहीं कि उस समय मैं किस दौर से गुजरी थी। लोग मुझ पर झूठा इल्जाम लगा रहे हैं कि मैं यह सिर्फ पैसे के लिए कर रही हूं। आज 10 साल बाद भी, वह प्रोड्यूसर टीवी शो और फिल्में बना रहे हैं। किसी में भी अपने लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ने की हिम्मत नहीं है। और फिर लोग सुसाइड जैसे बड़े कदम उठा लेते हैं।' शिल्पा शिंदे ने बीते दिनों कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट पर टेलीविजन शो 'भाबीजी घर पर हैं' के प्रोड्यूसर्स के साथ अपने झगड़े के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया कि शो छोड़ने के बाद और पेंडिंग पेमेंट्स को लेकर हुए झगड़े के बीच उन्होंने प्रोड्यूसर संजय कोहली के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी।

# समय रैना का बड़ा एलान इस OTT

## पर स्ट्रीम होगा 'इंडियाज गॉट लेटेंट' का सीजन 2

कॉमेडियन समय रैना के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। उनका पॉपुलर कॉमेडी शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' अब अपने दूसरे सीजन के साथ वापसी करने जा रहा है और इस बार एक बड़ा ट्विस्ट भी है। समय रैना का चर्चित कॉमेडी शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' अब अपने दूसरे सीजन के साथ लौटने के लिए तैयार है। खास बात ये है कि इस बार शो सिर्फ यूट्यूब पर ही नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर भी स्ट्रीम किया जाएगा।शो के पहले सीजन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था, जिसके बाद से ही फैंस इसके दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। अब समय रैना ने खुद इसका एलान कर दिया है।साथ ही इसके कैप्शन में लिखा- 'बड़े खुलासे का 'समय' है, इंडियाज गॉट लेटेंट अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा और कल यानी 20 तारीख को पहला एपिसोड रिलीज होगा।'वीडियो के मुताबिक, इस बार शो पहले की तरह ही बिना फिल्टर के होगा, यानी दर्शकों को वही रॉ और अनकट कॉमेडी देखने को मिलेगी। इस ऐलान पर कंटेंट क्रिएटर आशीष चंचलानी ने भी मजेदार रिएक्शन दिया। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा, 'इस बार डिस्क्लेमर डाल देना, केस



लड़ने में आसानी होती है।' उनका ये कमेंट पिछले सीजन के विवाद की ओर इशारा था।बीते साल समय रैना का विवादित शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' डार्क कॉमेडी और आपत्तिजनक व अश्लील चुटकुलों के कारण खूब विवाद में रहा था। इसी शो के एक एपिसोड में रणवीर अल्लाहबादिया ने माता-पिता को लेकर एक बेहद अपमानजनकर टिप्पणी कर दी थी। इस पर काफी हंगामा हुआ। समय रैना और रणवीर दोनों को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। साथ ही पुलिस एफआईआर हुईं। समय रैना को अपने शो के सारे एपिसोड डिलीट करने पड़े। उन्होंने इसे लेकर माफी भी मांगी।

# हॉन्टेड 3डी' के बाद फिर डराएंगे विक्रम भट्ट बनाएंगे खतरनाक हॉरर फिल्म



इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर विक्रम भट्ट निर्देशित फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' खूब नोट छाप रही है। इस फिल्म की सफलता को देखते हुए निर्देशक विक्रम भट्ट अब प्रोड्यूसर आनंद पंडित के मिलकर अगली फिल्म '1920 कोल्ड विंटर' बनाएंगे। इसकी आधिकारिक घोषणा भी की जा चुकी है। फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' के बाद आनंद पंडित और विक्रम भट्ट अपकमिंग फिल्म '1920: कोल्ड विंटर' के लिए फिर साथ आए हैं। 'हॉन्टेड 3डी इकोस ऑफ द पास्ट' की सफलता के बाद, प्रोड्यूसर आनंद पंडित और फिल्ममेकर विक्रम भट्ट ने अगली हॉरर फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। यह नई फिल्म हॉरर जॉनर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। '1920' फ्रैंचाइजी का नया चैप्टर इसके जरिए फिर से शुरू होगा। फिल्म को लेकर अधिक जानकारी मेकर्स द्वारा कुछ दिनों बाद साझा की जाएगी। सैकनिल्क के मुताबिक 'हॉन्टेड 3डी-इकोज ऑफ द पास्ट' ने 8वें दिन यानी शुक्रवार को 51 लाख रुपये कमाए हैं। जबकि 7वें दिन 1.15 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 16.41 करोड़ रुपये हो चुका है। वीकएंड पर भी यह फिल्म अच्छा कलेक्शन कर सकती है।



# सहूलियत या सेहत से खिलवाड़?: बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म FSSAI के मानकों पर फेल, जानिए सर्वे में क्या पता चला

क्या आप भी ऑनलाइन किराना मंगाते हैं? सावधान! सर्वे के अनुसार 48% ग्राहकों को 'बेस्ट बिफोर' डेट नहीं दिखती और ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विगी इंस्टामार्ट जैसे आठ में से पांच एप एफएसएसएआई के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। अपनी सेहत और अधिकारों से जुड़ी ये अहम खबर अभी पढ़ें। क्या आप भी 'क्विक डिलीवरी' के चक्कर में घर बैठे धड़ल्ले से ऑनलाइन किराना मंगा रहे हैं? अगर हां, तो यह रिपोर्ट आपकी सेहत और उपभोक्ता अधिकारों के लिए एक बड़ा 'अलर्ट' है। सहूलियत की आड़ में कहीं आपके घर ऐसा पैकेटबंद खाना तो नहीं आ रहा, जिसके खराब होने का समय बिल्कुल करीब है? हाल ही में लोकल सर्किल द्वारा किए गए एक चौंकाने वाले सर्वे में खुलासा हुआ है कि ऑनलाइन किराना खरीदने वाले 48% ग्राहकों को इन ऐप्स पर उत्पादों की 'बेस्ट बिफोर' या एक्सपायरी डेट नजर ही नहीं आती है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि देश के 8 सबसे बड़े ऑनलाइन किराना प्लेटफार्म्स में से 5 ऐप फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) और 'लीगल मेट्रोलॉजी' के सख्त नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विगी इंस्टामार्ट जैसे लोकप्रिय ऐप्स भी नियमों का पालन न करने वालों की इस सूची में शामिल हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने हाल ही में ऑनलाइन बेचे जाने वाले खाद्य उत्पादों की जांच की है, जिसमें पाया गया कि अधिकतर खाने-पीने के पैकेज्ड फूड उत्पादों में एक्सपायरी तारिख या फिर बेस्ट बिफोर की तारिख दिखती ही नहीं है। नियामक इस पर सख्ती करते हुए कई कदम उठा रहा है। लोकल सर्किल के एक सर्वे से पता चलता है कि, 48 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ता जो ऑनलाइन किराना की खरीदारी करते हैं उनका कहना है कि उन्हें ऑनलाइन किराना खरीदारी करते समय इन प्लेटफॉर्म पर उत्पादों पर बेस्ट बिफोर की डेट (खाने-पीने की चीजों पर तारीख लिखी जाती है, जिसके अंत के बाद उत्पा



## पिछले कुछ वर्षों में हुए सुधार नाकाफी

सर्वे के अनुसार ऑनलाइन ग्रोसरी प्लेटफॉर्म पर बेस्ट बिफोर तारीखें दिखाने में थोड़ा सुधार पिछले कुछ साल की तुलना में देखने को मिला है। सर्वे में शामिल हर 2 में से एक ग्राहक को अभी भी यह तारीखें नहीं मिलती हैं। 2024 में इन नियमों का पालन न करने वाले ऑनलाइन प्लेटफार्म का आंकड़ा 57 प्रतिशत था, जो अब घटकर 48 प्रतिशत पर आ गया है। सर्वे से पता चलता है कि आठ बड़े ऑनलाइन किराना प्लेटफॉर्म में से 5 ऐसे पाए गए जो कि इन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। सर्वे के अनुसार ऑनलाइन प्लेटफार्म पर सभी पैक्ड फूड प्रोडक्टस पर बेस्ट बिफोर (इस्तेमाल की आखिरी तारिख) लिखी के नियमों का पालन करने वालों में एमजॉन नाउ, बीगबास्केट, और फिल्पकॉर्ट मिनट्स शामिल हैं। जबकि नियमों का पालन न करने वालों में मिल्कबास्टकेट, जीयो मार्ट, बिंल्किट, स्वीगी, इंस्टामार्ट और जेपटो शामिल हैं। इनमें से कुछ प्लेटफ़ॉर्म 'बेस्ट बिफोर' तारीख या मैन्युफैक्चरिंग तारीख के साथ शेल्फ-लाइफ (इस्तेमाल की अवधि) बताने के बजाय, केवल शेल्फ-लाइफ बताते हैं। यह जानकारी बेकार है क्योंकि इससे ग्राहक को यह पता नहीं चलता कि प्रोडक्ट कब एक्सपायर होगा।

# एफएसएसएआई ऑनलाइन बिकने वाले फूड उत्पादों में गडबड़ी पर सख्त

जानकारों का कहना है कि केंद्र सरकार ने एफएसएसएआई के जरिए ऑनलाइन बिकने वाले फूड उत्पादों पर सख्ती करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। जिसके तहत 'फूड सेफ़्टी एक्ट' को लागू किया गया है। जिसके अनुसार ऑनलाइन बिक्री के लिए लिस्ट किए गए प्रोडक्ट्स की 'शेलफ़ लाइफ़' (इस्तेमाल की समय-सीमा) कम से कम 30% बची होनी चाहिए। हीं लीगल मेट्रोलॉजी पैकेज्ड कमोडिटी नियम 2017 के संशोधन में ऐसा करना अनिवार्य है। लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) अमेंडमेंट रूल्स, 2017 के तहत, ई-कॉमर्स साइट्स/ऐप्स पर लिस्ट किए गए इंसानों के खाने-पीने के सभी पैकेज्ड उत्पादों पर डिजिटल बिक्री के समय साफ-साफ "बेस्ट बिफोर" या "यूज़ बाय" (इस्तेमाल की आखिरी तारीख) की तारीखें लिखी हो और जिसमें दिन, महीना और साल भी लिखा गया है, वो दिखाई जानी चाहिए।

# आरबीआई का बड़ा फैसला: किसान क्रेडिट कार्ड योजना संशोधन फसल सीजन की परिभाषा की मानकीकृत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना में संशोधन करते हुए फसल सीजन की परिभाषा को मानकीकृत कर दिया। इसका उद्देश्य ऋण स्वीकृति और पुनर्भुगतान कार्यक्रम में एकरूपता सुनिश्चित करना है। आरबीआई ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक [वाणिज्यिक बैंक- किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना] निर्देश, 2026 अगले वर्ष जनवरी से लागू होंगे। केंद्रीय बैंक के अनुसार, इन निर्देशों का मकसद बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से केसीसी योजना के तहत कृषि और संबद्ध गतिविधियों में लगे उधारकर्ताओं को उनकी कार्यशील पूंजी और निवेश ऋण संबंधी जरूरतों के लिए पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता उपलब्ध कराना है। इसके लिए सरल और मानकीकृत प्रक्रियाओं वाली समेकित सुविधा का ढांचा तैयार किया गया है। आरबीआई ने फसल सीजन की परिभाषा को आय मान्यता और परिसंपत्ति वर्गीकरण (आईआरएसी) मानदंडों के अनुरूप संशोधित किया है। नए निर्देशों के अनुसार, केसीसी योजना के तहत अल्पावधि फसलों के लिए फसल सीजन 12 महीने और दीर्घावधि फसलों के लिए 18 महीने मानकीकृत किया जाएगा। निर्देशों में कहा गया है कि फसल सीजन का अर्थ फसल की बुआई से लेकर उसकी कटाई और विपणन तक की अवधि है।



केंद्रीय बैंक ने बताया कि फरवरी में संशोधित किसान क्रेडिट कार्ड योजना के मसौदा निर्देशों पर आम जनता और संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे गए थे। हालांकि, बिना जमानत वाले ऋण की सीमा बढ़ाने के सुझाव को आरबीआई ने खारिज कर दिया। बैंक ने कहा कि दिसंबर 2024 में इस सीमा को हाल ही में बढ़ाया गया था और फिलहाल इसमें और वृद्धि का कोई प्रस्ताव नहीं है।जमानत और मार्जिन संबंधी प्रावधानों पर आरबीआई ने कहा कि बैंक प्रति उधारकर्ता दो लाख रुपये तक के कृषि और संबद्ध गतिविधियों से जुड़े ऋणों पर जमानत और मार्जिन की शर्तों को माफ करेंगे। साथ ही, दो लाख रुपये तक की जमानत-मुक्त सीमा के भीतर कृषि ऋण के लिए स्वेच्छा से सोना या चांदी गिरवी रखने को कृषि क्षेत्र के लिए जमानत-मुक्त ऋण संबंधी दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। आरबीआई ने कहा कि दो लाख रुपये से अधिक के ऋणों के लिए बैंक अपनी ऋण नीति और समय-समय पर जारी आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुरूप जमानत और मार्जिन संबंधी आवश्यकताओं का निर्धारण करेंगे।

# सेबी ने समझी तकलीफ अब अपनों की जमा-पूंजी काटने होंगे दफ्तरों के चक्कर, प्रक्रिया हुई आसान



सेबी ने निवेशकों की मृत्यु के बाद सिक्योरिटीज ट्रांसफर की प्रक्रिया को बेहद सरल और तेज बना दिया है। इसके तहत कागजी कार्रवाई कम की गई है और आसान दावों की सीमा दोगुनी कर दी गई है। साथ ही आंतरिक पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बोर्ड मेंबर्स के लिए नया आचार संहिता लागू किया है। आपके लिए क्या आसान हुआ है? समझिए शेयर बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। अब किसी निवेशक की मृत्यु के बाद उसके कानूनी वारिस या नॉमिनी के लिए सिक्योरिटीज को अपने नाम ट्रांसफर कराना बेहद आसान हो जाएगा। इस कदम से क्लेम करने की प्रक्रिया तेज होगी। लोगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके साथ ही सेबी ने अपने बोर्ड सदस्यों के लिए एक नया कोड ऑफ कंडक्ट यानी आचार संहिता भी लागू किया है।सेबी ने अपनी बोर्ड बैठक में 'क्विक ट्रांसमिशन प्रोसेसिंग' (क्यूटीपी) नाम से एक नई कैटेगरी बनाई है। यह व्यवस्था छोटे मूल्य के दावों के लिए होगी। इसके तहत फिजिकल सिक्योरिटीज के लिए 10,000 रुपये तक के दावों को तेजी से निपटाया जाएगा। नियामक ने आसान डॉक्यूमेंटेशन के जरिए ट्रांसफर की सीमा को भी दोगुना कर दिया है। अब फिजिकल होल्डिंग के लिए यह सीमा प्रति लिस्टेड कंपनी 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। डीमैट होल्डिंग के लिए प्रति बेनिफिशियल ओनर अकाउंट इस सीमा को 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया गया है। नियामक ने प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए कई बड़े बदलाव किए हैं। अब क्लेम के समय पैन (पीएएन) कार्ड जमा करने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है। सेबी का मानना है कि डीमैट खाता खोलते समय पैन का विवरण पहले से ही मौजूद होता है। उत्तराधिकार कानूनों में हाल के बदलावों को देखते हुए वसीयत की प्रोबेट हासिल करने की अनिवार्य शर्त को भी हटा दिया गया है।अब दावेदारों को अलग-अलग शपथ पत्र और एनओसी देने की जरूरत नहीं होगी। इसकी जगह एक ही कंबाइंड 'एफिडेविट-कम-एनओसी' जमा की जा सकती है।

# Gold-Silver Price:

## आसमान से जमीन पर आए सोने-चांदी के दाम, लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड गिरावट

शांति समझौते और फेड रिजर्व के तगड़े झटके से सर्राफा बाजार में हाहाकार मच गया है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध की तलवार क्या खिंची, सोने और चांदी की कीमतों ने आसमान से सीधे जमीन की तरफ दौड़ लगा दी। लगातार दूसरे दिन की भारी बिकवाली के चलते चांदी एक ही झटके में ₹8,200 से ज्यादा सस्ती हो गई है, वहीं शुद्ध सोना भी ₹3,123 प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। इस रिकॉर्ड गिरावट के बाद अब सोना ₹1.45 लाख और चांदी ₹2.32 लाख के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे फिसल गए हैं।



अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते का असर पूरी दुनिया के बाजारों में देखने को मिल रहा है। सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने को मिली। इससे सोने का दाम 1.45 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का दाम 2.32 लाख रुपए प्रति किलो से नीचे आ गया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 3,123 रुपए कम होकर 1,44,970 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,48,093 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 कैरेट सोने का दाम 1,35,653 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,32,793 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 1,08,728 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,11,070 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है।



चांदी का दाम 8,218 रुपए कम होकर 2,31,93 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,40,191 रुपए प्रति किलो था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। कॉमेक्स पर सोना 1.68 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,174.47 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.91 डॉलर प्रति औंस पर थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि फेडरल रिजर्व की ओर से 2026 में ब्याज दरें एक बार बढ़ाने के संकेत के बाद सोने की कीमतों पर दबाव देखने को मिल रहा है। इससे अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ और सोने जैसी बिना रिटर्न वाली संपत्तियों का आकर्षण कम हो गया। फेड के सख्त रुख के कारण बुलियन बाजारों में बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुकिंग देखी गई।उन्होंने आगे कहा कि फेड की पॉलिसी के ऐलान के बाद पिछले कुछ सेशन में कॉमेक्स गोल्ड की कीमत लगभग 4375 डॉलर प्रति औंस से गिरकर 4150 डॉलर प्रति औंस हो गई है,

# Reliance AGM 2026: जियो के मेगा आईपीओ से लेकर एआई व दो लाख नई नौकरियों तक, ये हैं



शेयर बाजार के निवेशकों के लिए सबसे बड़ी खबर जियो प्लेटफार्म्स के आईपीओ को मिली मंजूरी है। मुकेश अंबानी ने घोषणा की है कि जियो के बोर्ड ने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) को अपनी मंजूरी दे दी है और इसे आज ही बाजार नियामक सेबी के पास फाइल कर दिया जाएगा। इस आईपीओ के तहत 27 करोड़ नए शेयर बाजार में उतारे जाएंगे। मुकेश अंबानी ने इसे रिलायंस परिवार और लाखों शेयरधारकों के लिए एक बेहद 'भावुक पल' बताया। रिलायंस ने लीडरशिप ट्रांजिशन (नेतृत्व परिवर्तन) को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर दी है। मुकेश अंबानी ने ऐलान किया कि अब ईशा, आकाश और अनंत अंबानी मिलकर जियो के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करेंगे। जमीन पर भारत को कनेक्ट करने के बाद अब जियो आसमान से इंटरनेट सेवाएं देने की तैयारी में है। आकाश अंबानी ने बताया कि जियो भारत के लिए अपना 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) सैटेलाइट नेटवर्क विकसित करने की योजना बना रहा है।

रिलायंस एजीएम 2026 में मुकेश अंबानी ने जियो आईपीओ, 22 भाषाओं में स्वदेशी एआई, सैटेलाइट इंटरनेट और न्यू एनर्जी सेक्टर में 2 लाख नौकरियों समेत कई ऐतिहासिक ऐलान किए हैं। रिलायंस के फ्यूचर प्लान की 10 बड़ी बातें यहां पढ़ें।भारतीय कॉर्पोरेट जगत के सबसे बड़े इवेंट्स में से एक, रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आम बैठक में इस बार भविष्य की तकनीक और बड़े विस्तार की स्पष्ट झलक देखने को मिली है। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी और उनकी अगली पीढ़ी की लीडरशिप ने टेलीकॉम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सैटेलाइट कनेक्टिविटी, मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन एनर्जी को लेकर कई ऐतिहासिक घोषणाएं की हैं। शेयर बाजार के निवेशकों से लेकर आम उपभोक्ताओं तक, हर किसी की नजर इस एजीएम पर टिकी थी। आइए आसान और बोलचाल की भाषा में समझते हैं रिलायंस एजीएम 2026 से जुड़ी 10 सबसे बड़ी और अहम बातें, जो आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था और डिजिटल परिदृश्य को पूरी तरह से बदल सकती हैं।ताकि दूर-दराज के इलाकों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाया जा सके।

# Aaj Ka Rashifal 20 June

## खुशखबरी से शुरू होगा इन 5 राशियों का दिन नौकरी-परीक्षा में मिलेंगे अच्छे परिणाम

20 June Ka Rashifal: चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए आज का राशिफल। 20 जून 2026 का दिन कुछ राशि वालों के लिए बेहद शुभ संकेत लेकर आ रहा है। इस दिन कई जातकों को किस्मत का साथ मिलेगा, जबकि कुछ के जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खुल सकते हैं।





### मेष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों में शुभ संकेत लेकर आया है। धन लाभ के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इस समय जरूरत से ज्यादा भरोसा करना आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। धन लाभ के मनचाहे अवसर आपको प्राप्त होने की अधिक संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही नहीं करनी है अन्यथा दिक्कतें आ सकती हैं।



### वृषभ

आज का दिन नई शुरुआत करने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहद अनुकूल रहने वाला है। निवेश या योजनाओं में भी लाभ के संकेत मिल सकते हैं। लाभ के लिए नए मौके मिलेंगे और कार्यक्षेत्र में खुद को साबित करने के अवसर मिल सकते हैं। मेहनत का अच्छा परिणाम भविष्य में देखने को मिलेगा।



### मिथुन

आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए रास्ते खोल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कामों में गति आएगी। भाई-बहनों के साथ रिश्तों में प्रेम और अपनापन बढ़ेगा, जिससे पारिवारिक माहौल भी सुखद बना रहेगा। करीबी लोगों के साथ हल्की नोकझोंक होने के संकेत हैं।



### कर्क

कर्क राशि वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आज आपको हर कदम बेहद सोच-समझकर उठाने की जरूरत है। इसके अलावा जल्दबाजी में लिया गया कोई फैसला परेशानी बढ़ा सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को भी लाभ के अवसर मिल सकते हैं। वहीं कार्यक्षेत्र में बॉस की ओर से कोई महत्वपूर्ण सलाह या नई जिम्मेदारी मिल सकती है।



### सिंह

आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। कोई बड़ा पद, सम्मान मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता बढ़ सकती है। इस दौरान सभी आपके व्यक्तित्व से प्रभावित रहेंगे। करियर से जुड़ी परेशानियों को लेकर गुरुजनों से बात करेंगे। आपकी मेहनत आने वाले समय में अच्छे परिणाम दे सकती है।



### कन्या

आज विद्यार्थियों के लिए दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। व्यापार या निवेश के लिए अनुभवी लोगों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। इसके अलावा लंबे समय से खोई हुई कोई प्रिय वस्तु वापस मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे मजबूती देखने को मिलेगी। वहीं आज किसी के आने से मन में खुशी और संतोष बना रहेगा।



### तुला

आज वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जमीन-जायदाद के बंटवारे से जुड़ा कोई मामला कानूनी उलझन बढ़ा सकता है। किसी के साथ विवाद में आप फंस सकते हैं, इसलिए वाणी का ध्यान और धैर्यवान रहें। किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल जरूर करें।



### वृश्चिक

वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन नए संकेत लेकर आया है। आज का दिन मेहनत और कार्यों की व्यस्तता से भरा रहेगा, इसलिए आप अपनों को समय कम दे पाएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुशासन और गंभीरता बनाए रखना आपके लिए सही रहेगा।



### धनु

आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा और अच्छे परिणाम लेकर आने वाला है। परिवार में किसी शुभ कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिससे घर का माहौल खुशियों से भरा रहेगा। वहीं लंबे समय से जिस काम को लेकर आप प्रयास कर रहे थे, उसमें सफलता मिलने के आज संकेत हैं।



### मकर

मकर राशि वालों के लिए दिन संतुलित रहने वाला है। आय के नियमित स्रोतों के साथ किसी अतिरिक्त माध्यम से धन लाभ मिलने की संभावनाएं बनेंगी। थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी। व्यवसाय के सिलसिले में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा संभव है। मकर राशि के लोग अपने दिनचर्या को भी संतुलित बनाए रखें।



### कुंभ

कुंभ राशि वालों के निवेश से जुड़े मामलों के लिए दिन अच्छा माना जा रहा है। कोई बड़ा आर्थिक फैसला आपके पक्ष में जा सकता है। कोई वाहन खरीदारी या यात्रा का फैसला सोच-समझकर करें, क्योंकि आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है।



### मीन

आज आपके आसपास सकारात्मकता का माहौल बना रहेगा। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है। रुके हुए काम पूरे होंगे और समाज में प्रतिष्ठा बढ़ने के संकेत हैं। क्रश के साथ बातचीत भी आज मजबूत हो सकती है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## वृष और सिंह राशि वालों को रिश्तों में रहना होगा सावधान जानें लव राशिफल

Love Rashifal 20 June 2026: 20 जून का लव राशिफल पढ़ें और जानें मेष से मीन तक सभी राशियों के प्रेम जीवन, रिश्तों और वैवाहिक संबंधों पर ग्रह-नक्षत्रों का क्या प्रभाव रहेगा। पढ़ें आज का लव राशिफल हिंदी में। आज ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि है।



### मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope):

आज प्रेम संबंधों में कुछ खटास महसूस हो सकती है। साथी किसी बात से नाराज नजर आ सकते हैं और उन्हें मनाने में अपेक्षा से अधिक प्रयास करने पड़ सकते हैं। विवाहित जातक जीवनसाथी के साथ मधुर और रोमांटिक पल बिताएंगे। सिंगल लोगों को प्रेम जीवन में अभी थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है।

### वृषभ लव राशिफल (Taurus Love Horoscope):

आज रिश्ते में अहंकार की भावना प्रेम पर भारी पड़ सकती है। छोटी-छोटी बातों को बढ़ाने से बचें। जो लोग सिंगल हैं, वे अपने आकर्षण और व्यक्तित्व से किसी खास व्यक्ति का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास करेंगे।

### मिथुन लव राशिफल (Gemini Love Horoscope):

आज प्रेम संबंधों में रोमांस का रंग गहरा रहेगा। साथी की भावनाएं और उनकी आंखों की भाषा आपको विशेष महसूस कराएगी। सिंगल जातक अपने पसंदीदा व्यक्ति के करीब आने की हर संभव कोशिश कर सकते हैं।

### कर्क लव राशिफल (Cancer Love Horoscope):

आज साथी का स्नेह और अपनापन आपके मन को प्रसन्न करेगा। लंबे समय से रिलेशनशिप में रह रहे लोगों के लिए विवाह संबंधी चर्चा आगे बढ़ सकती है। सिंगल लोग अपने क्रश को प्रभावित करने के लिए कोई खास कदम उठा सकते हैं।

### सिंह लव राशिफल (Leo Love Horoscope):

आज प्रेम जीवन में किसी मुद्दे को लेकर मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। विवाहित लोग आपसी बातचीत के जरिए रिश्ते में चल रही दूरियों को कम करने का प्रयास करेंगे। सिंगल जातक अपने व्यक्तित्व और आकर्षण को लेकर चिंतित रह सकते हैं।

### कन्या लव राशिफल (Virgo Love Horoscope):

पुराने प्रेम से जुड़ी यादें आज फिर ताजा हो सकती हैं। साथी के साथ बिताए गए पल मन को आनंदित करेंगे। सिंगल लोगों की किसी नए व्यक्ति से बातचीत शुरू हो सकती है, जो आगे चलकर खास रिश्ता बन सकती है।

### तुला लव राशिफल (Libra Love Horoscope):

आज रिश्ते में विश्वास और समझ बढ़ाने का अवसर मिलेगा। साथी अपने मन की भावनाएं खुलकर आपके सामने रख सकते हैं। सिंगल जातकों का मन अपने पसंदीदा व्यक्ति के और करीब जाने के लिए बेचैन रहेगा।

### वृश्चिक लव राशिफल (Scorpio Love Horoscope):

आज प्रेम जीवन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहेगी। पार्टनर के साथ रोमांटिक समय बिताने का मौका मिलेगा। सिंगल लोगों को किसी की बातों में आकर जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचना चाहिए।

### धनु लव राशिफल (Sagittarius Love Horoscope):

विवाहित जातकों के लिए आज का दिन सुखद रहेगा और वे जीवनसाथी के साथ निजी पल बिताएंगे। प्रेम संबंधों में भावनात्मक जुड़ाव की इच्छा बढ़ेगी, लेकिन किसी कारणवश दूरी महसूस हो सकती है। सिंगल लोग नए लोगों से मेलजोल बढ़ा सकते हैं।

### मकर लव राशिफल (Capricorn Love Horoscope):

आज साथी किसी जरूरी काम में व्यस्त रह सकते हैं, जिससे उनकी कमी महसूस होगी। प्रेम संबंधों में अपेक्षित प्रतिक्रिया न मिलने से मन थोड़ा उदास रह सकता है। सिंगल लोगों को कार्यस्थल पर किसी के प्रति आकर्षण महसूस हो सकता है।

### कुंभ लव राशिफल (Aquarius Love Horoscope):

आज साथी का अतिरिक्त समय और ध्यान आपके रिश्ते को और मजबूत बनाएगा। दोनों के बीच भावनात्मक निकटता बढ़ेगी। सिंगल जातकों को अपने क्रश की ओर से सकारात्मक संकेत मिलने की संभावना है।

### मीन लव राशिफल (Pisces Love Horoscope):

आज पार्टनर का पूरा ध्यान आप पर केंद्रित रहेगा, जिससे रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। विवाहित लोग अपने संबंधों को लेकर कुछ चिंतन कर सकते हैं। सिंगल जातक अपने पसंदीदा व्यक्ति के लिए भावनात्मक रूप से अधिक समर्पित नजर आएंगे।

# IND vs AFG Playing 11: भारत की नजर क्लीन स्वीप पर यशस्वी से बेहतर प्रदर्शन की आस क्या हर्षित को मिलेगा मौका?




**IND vs AFG Playing 11 Prediction Match:** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज पहले ही अपने नाम कर ली है और अब चेन्नई में खेले जाने वाले तीसरे मुकाबले में उसकी नजर 3-0 से क्लीन स्वीप पर होगी। वहीं, अफगानिस्तान की टीम अंतिम मैच जीतकर सम्मान बचाने और दौरे का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम अब तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत दर्ज कर 3-0 से क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला शनिवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने शुरुआती दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीरीज पर कब्जा जमाया है। ऐसे में अंतिम मैच में टीम प्रबंधन कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खास नजर रखेगा।



युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पिछले मैच में सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गए थे। वहीं कप्तान शुभमन गिल और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने शतक जड़कर टीम को शानदार जीत दिलाई थी। आगामी इंग्लैंड सीरीज में विराट कोहली की संभावित वापसी के चलते बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। ऐसे में जायसवाल के लिए यह मुकाबला बड़ी पारी खेलकर अपनी दावेदारी मजबूत करने का अच्छा मौका होगा। अपनी नई भूमिका में खुद को साबित करें।

# IND vs AFG: तीसरे वनडे में किस स्थान पर उतरेंगे केएल राहुल? कोच ने दिया जवाब अर्शदीप को मिल सकता है आराम



भारत के सहायक कोच रेयान टेन डेस्काटे ने संकेत दिया है कि तीसरे वनडे में भी केएल राहुल मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे, जबकि यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग में एक और मौका मिलेगा। सीरीज में 2-0 की बढ़त बना चुकी भारतीय टीम अर्शदीप सिंह समेत कुछ खिलाड़ियों को आराम देकर नए संयोजनों को आजमा सकती है। भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डेस्काटे ने संकेत दिया है कि अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को चेन्नई में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम वनडे में केएल राहुल बल्लेबाजी क्रम में नीचे ही उतरेंगे। वहीं, युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को एक और मौका दिया जाएगा और वह रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं। भारत पहले ही तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है। ऐसे में टीम प्रबंधन अंतिम मुकाबले में कुछ बदलाव करने पर विचार कर रहा है। मैच से पूर्व आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में टेन डोशेट ने कहा कि टीम बल्लेबाजी क्रम में किसी बदलाव पर विचार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारी बल्लेबाजी इकाई काफी लचीली है। मुझे नहीं लगता कि केएल राहुल को ऊपर भेजने पर कोई विचार हो रहा है। हम यशस्वी जायसवाल को भी अच्छी तरह परखना चाहते हैं। पिछले मैच में वह बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे, इसलिए उन्हें एक और अवसर मिलने की संभावना है।' उन्होंने संकेत दिया कि शीर्ष क्रम में कोई बदलाव नहीं होगा और टीम पांच विशेषज्ञ बल्लेबाजों के साथ मैदान में उतर सकती है। डेस्काटे ने बताया कि सीरीज जीतने के बाद टीम कुछ खिलाड़ियों को आराम दे सकती है।

# IPL 2027: ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स में वापसी तय! कुलदीप हो सकते हैं लखनऊ का हिस्सा ट्रेड डील पर चर्चा जारी



आईपीएल 2027 से पहले ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स में वापसी की संभावना है, जबकि कुलदीप यादव को लखनऊ सुपर जाएंट्स में ट्रेड किया जा सकता है। दोनों फ्रेंचाइजियों के बीच बातचीत जारी है और डील को बीसीसीआई और आईपीएल की मंजूरी मिलना बाकी है। आईपीएल 2027 से पहले एक बड़ी ट्रेड डील सामने आ सकती है। स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज और भारतीय टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत की अपने पुराने फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स में वापसी होने की संभावना है। इसके बदले में स्पिनर कुलदीप यादव को लखनऊ सुपर जाएंट्स भेजा जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, दोनों फ्रेंचाइजियों के बीच ट्रेड को लेकर बातचीत जारी है और अंतिम मंजूरी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और आईपीएल प्रशासन की ओर से मिलनी बाकी है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, ऋषभ पंत और कुलदीप यादव की अदला-बदली को लेकर दोनों टीमों के बीच सहमति बन चुकी है। हालांकि, खिलाड़ियों के ट्रांसफर से जुड़ी वित्तीय शर्तों और अन्य औपचारिकताओं पर अभी चर्चा जारी है। एक सूत्र ने बताया, 'ऋषभ पंत और कुलदीप यादव के बीच ट्रेड की प्रक्रिया चल रही है। दोनों फ्रेंचाइज़ियां इस पर काम कर रही हैं, लेकिन राशि और अन्य औपचारिकताओं को लेकर अभी बीसीसीआई और आईपीएल की मंजूरी मिलनी बाकी है।' जिसके बाद लखनऊ ने उन पर बड़ा दांव लगाया था। दिल्ली कैपिटल्स ने नेतृत्व संबंधी मतभेदों के बाद पंत को रिलीज था।

# Sreesanth-Harbhajan

## 18 साल पुराना 'थप्पड़कांड' अब बॉक्सिंग रिंग में सुलझेगा? श्रीसंत की हरभजन को खुली चुनौती

आईपीएल 2008 के चर्चित 'थप्पड़कांड' विवाद ने एक बार फिर सुर्खियां बटोर ली हैं। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज श्रीसंत ने हरभजन सिंह को बॉक्सिंग रिंग में मुकाबले की खुली चुनौती दी है। श्रीसंत का आरोप है कि हरभजन ने हाल ही में एक विज्ञापन में पुराने विवाद का मजाक उड़ाकर उससे कमाई की। इसी बात से नाराज होकर उन्होंने कहा कि अगर हरभजन में हिम्मत है





तो विज्ञापनों के बजाय रिंग में आकर मुकाबला करें। भारतीय क्रिकेट के सबसे चर्चित विवादों में शामिल आईपीएल 2008 का 'स्लैपगेट' मामला एक बार फिर चर्चा में है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज श्रीसंत ने पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह को खुली चुनौती देते हुए कहा है कि अगर उनमें हिम्मत है तो बॉक्सिंग रिंग में आकर आमने-सामने मुकाबला करें। यह विवाद 2008 में तब शुरू हुआ था, जब मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के मैच के बाद हरभजन ने मैदान पर श्रीसंत को थप्पड़ मार दिया था। इस घटना ने पूरे क्रिकेट जगत को हिला दिया था और आईपीएल इतिहास के सबसे विवादित पलों में शामिल हो गई थी। बीते कुछ वर्षों में दोनों खिलाड़ियों के रिश्ते सामान्य होते दिखाई दिए थे। दोनों कई सार्वजनिक कार्यक्रमों और विज्ञापनों में साथ नजर आए।

# IRE W vs NZ W

## दो हार के बाद न्यूजीलैंड ने खोला जीत का खाता आयरलैंड को 4 रन से हराया ग्रुप-दो में क्या बदला?



महिला टी20 विश्व कप 2026 में न्यूजीलैंड ने रोमांचक मुकाबले में आयरलैंड को चार रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। 141 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम ऑर्ला प्रेंडरगास्ट और गैबी लुईस की शानदार साझेदारी के बावजूद 136/5 रन ही बना सकी। महिला टी20 विश्व कप 2026 में न्यूजीलैंड ने रोमांचक मुकाबले में आयरलैंड को चार रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। साउथैम्पटन में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 140 रन बनाए, जिसके जवाब में आयरलैंड की टीम 136/4 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी आयरलैंड की टीम ने न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। टीम का स्कोर महज 10 रन पर तीन विकेट हो गया था। एमी मैग्वायर ने जॉर्जिया प्लिमर को आउट किया, जबकि ऑर्ला प्रेंडरगास्ट ने इसाबेला गेज और मैडी ग्रीन को पवेलियन भेजा। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर ने 24 गेंदों में 30 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाए। ब्रुक हॉलिडे ने 37 गेंदों पर 34 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने अमेलिया केर के साथ चौथे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। इसके बाद इजी शार्प के साथ पांचवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# स्लैपगेट विवाद ने फिर पकड़ा तूल: श्रीसंत की बॉक्सिंग चुनौती पर हरभजन का पलटवार कहा- खाली बर्तन आवाज करते हैं



पूर्व क्रिकेटर एस. श्रीसंत ने 2008 के 'स्लैपगेट' विवाद को लेकर हरभजन सिंह को बॉक्सिंग रिंग में मुकाबले की खुली चुनौती दी है। इसके बाद हरभजन ने सोशल मीडिया पर 'खाली बर्तन ही आवाज करते हैं' वाला क्रिप्टिक पोस्ट साझा किया, जिसे श्रीसंत के बयान का जवाब माना जा रहा है। भारतीय क्रिकेट के चर्चित 'स्लैपगेट' विवाद ने एक बार फिर सुर्खियां बटोर ली हैं। पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत द्वारा हरभजन सिंह को बॉक्सिंग रिंग में उतरने की खुली चुनौती देने के बाद अब हरभजन सिंह ने भी सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा कर प्रतिक्रिया दी है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे सीधे तौर पर श्रीसंत के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान श्रीसंत को हरभजन सिंह के साथ बॉक्सिंग ग्लव्स पहने उनकी पुरानी तस्वीर दिखाई गई थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए श्रीसंत ने कहा था कि अगर हरभजन में हिम्मत है तो वे बॉक्सिंग रिंग में आकर उनका सामना करें। श्रीसंत ने कहा था, 'क्या आपके पास हिम्मत है? क्या आप मेरे साथ रिंग में उतर सकते हैं? मैं आपको खुली चुनौती देता हूं। आइए और मुकाबला कीजिए।' उन्होंने आगे कहा कि अगर हरभजन 'स्लैपगेट' विवाद से जुड़े विज्ञापनों के जरिए कमाई कर सकते हैं, तो उन्हें भी वास्तविक मुकाबले के जरिए कमाने का मौका मिलना चाहिए। श्रीसंत के बयान के एक दिन बाद हरभजन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'खाली बर्तन ही आवाज करते हैं।'

# दिल्ली कैपिटल्स में बड़े बदलाव की तैयारी गांगुली बनेंगे डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट युवराज को भी मिली नई जिम्मेदारी

पूर्व भारतीय स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह आईपीएल 2027 से दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी कोच बन सकते हैं। वहीं, टीम प्रबंधन में बड़े बदलाव के तहत सौरव गांगुली को डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। भारतीय टीम के पूर्व स्टार ऑलराउंडर और दो विश्व कप विजेता टीमों के हीरो युवराज सिंह आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के साथ बल्लेबाजी कोच के रूप में जुड़ने जा रहे हैं। आईपीएल से जुड़े सूत्रों के अनुसार, युवराज 2027 सीजन से टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होंगे। यह आईपीएल में युवराज सिंह की पहली आधिकारिक कोचिंग भूमिका होगी। इससे पहले वह युवा खिलाड़ियों को व्यक्तिगत स्तर पर मार्गदर्शन देते रहे हैं। भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल, टी20 के नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी समय-समय पर युवराज से सलाह लेते रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली कैपिटल्स के पुरुष टीम प्रबंधन में 2027-28 सीजन के लिए बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। टीम के सह-मालिक जेएसडब्ल्यू इस अवधि में फ्रेंचाइजी के संचालन की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके चलते मौजूदा कोचिंग स्टाफ में फेरबदल किया जाएगा। वर्तमान में जीएमआर समूह द्वारा नियुक्त किए गए क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, मुख्य कोच हेमंग बदानी और गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल की जगह नए सपोर्ट स्टाफ को मौका दिया जाएगा। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट का पद संभालेंगे। बताया जा रहा है कि गांगुली की सिफारिश पर ही युवराज सिंह को टीम के साथ जोड़ा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में युवराज के शुरुआती कप्तानों में गांगुली का महत्वपूर्ण योगदान रहा है




और दोनों के बीच लंबे समय से मजबूत संबंध रहे हैं। गांगुली पहले भी जेएसडब्ल्यू की एसए20 लीग फ्रेंचाइजी प्रिटोरिया कैपिटल्स और दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम के क्रिकेट संचालन की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। हालांकि युवराज केवल दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष टीम के साथ काम करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स पिछले दो आईपीएल सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने में असफल रही है। टीम की रणनीति, नीलामी में खिलाड़ियों के चयन और मैदान पर प्रदर्शन को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में फ्रेंचाइजी प्रबंधन नए सिरे से टीम का निर्माण करना चाहता है



दिल्ली कैपिटल्स पिछले दो आईपीएल सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने में असफल रही है। टीम की रणनीति, नीलामी में खिलाड़ियों के चयन और मैदान पर प्रदर्शन को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में फ्रेंचाइजी प्रबंधन नए सिरे से टीम का निर्माण करना चाहता है। सूत्रों का कहना है कि यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दिल्ली कैपिटल्स अपने पूर्व कप्तान ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स से ट्रेड के जरिए वापस लाने की कोशिश करती है। इसके लिए टीम अपने मौजूदा खिलाड़ियों में से एक या दो खिलाड़ियों की अदला-बदली कर सकती है। युवराज सिंह ने अपने आईपीएल करियर में कुल 132 मैच खेले। उन्होंने पंजाब, पुणे, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस जैसी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। उनका आखिरी आईपीएल मैच 2019 में मुंबई इंडियंस के लिए था, जिसके बाद उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। युवराज 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप में भारत की जीत के प्रमुख नायकों में शामिल रहे थे। विशेष रूप से 2011 विश्व कप में उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया था। गांगुली पहले भी जेएसडब्ल्यू की एसए20 लीग फ्रेंचाइजी प्रिटोरिया कैपिटल्स और दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम के क्रिकेट संचालन की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। हालांकि युवराज केवल दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष टीम के साथ काम करेंगे।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













